सोना-चांदी | चांदी ₹2,57,480 | सोना ₹1,49,485

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 200 | इंदौर, मंगलवार 03 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## केंद्रीय बजट 2026-2027 पेश करने के बाद.....

भारत सरकार की माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन जी से मिलकर संसद भवन में सांसद साथियों नें बधाई दी!!



केंद्र सरकार के बजट की खूबियां बताएंगे सीएम, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

# पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए फंड मिलने से विकसित होंगे एमपी के शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की खूबियां बताएंगे। बीजेपी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में होने वाले मीडिया इंटरेक्शन में बजट से एमपी को मिलने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।**

रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कह चुके हैं कि केंद्रीय बजट में गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और महिलाओं पर विशेष फोकस है। इसमें 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के विकास और सभी शहरी आर्थिक क्षेत्रों पर 5 साल में 5000 करोड रुपए खर्च करने, छोटे शहरों में तीर्थ स्थल विकसित करने, हर जिले में एक महिला छात्रावास के निर्माण और जिला अस्पतालों को अपग्रेड करने की व्यवस्था से प्रदेश को बहुत लाभ प्राप्त होगा। क्लिनिकल ट्रायल स्थलों का भी विकास होगा। केंद्रीय बजट में केयर इकोसिस्टम पर विशेष ध्यान देने के प्रावधान किए गए हैं। इससे बुजुर्गों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था होगी। गंभीर बीमारियों की दवाएं भी सस्ती होंगी, जिससे सभी वर्गों को राहत मिलेगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा है कि केंद्रीय बजट में वस्त्र उद्योग सेक्टर में रिफॉर्म पर बल दिया गया है, इससे मध्य प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मध्य प्रदेश को पीएम मित्र पार्क के रूप में टेक्सटाइल क्षेत्र की बड़ी सौगात दी है, इससे तीन लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलने के साथ ही 6 लाख किसानों को लाभ होगा। इस पार्क से प्रदेश का मालवा निमाड़ अंचल नई उड़ान के लिए तैयार है। बजट में देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट और एआई के अधिक से अधिक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसका आने वाले दिनों में प्रदेश और देश को तरक्की में बड़ा योगदान होगा।

दूसरी ओर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बजट के बाद कहा था कि केंद्रीय बजट आने वाले 10 वर्षों में भारत के विकास की दिशा तय करेगा। जिन क्षेत्रों में दुनिया के केवल दो-तीन देशों का दबदबा है, उन रणनीतिक उत्पादों के निर्माण पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में पहली बार अलग मालगाड़ी कॉरिडोर बनाने की बात की गई है, जिससे लॉजिस्टिक्स खर्च कम होगा और व्यापार बढ़ेगा। खण्डेलवाल ने कहा है यह बजट डर से मुक्त टैक्स व्यवस्था की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट हर वर्ग को राहत देने वाला बजट है।

## बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर हत्या!

● गेहूं के खेत से मिला 22 वर्षीय युवक का शव, फैली सनसनी

**चंपारण, (एजेंसी) बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब नौ बजे छौराहा पोखरा के समीप गेहूं के खेत से एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कठइया बिशनपुरवा वार्ड संख्या-7 निवासी राकेश सिंह के पुत्र रितिक राज उर्फ सचिन राज (22) के रूप में हुई है।**

मृतक की मां मीरा देवी ने आरोप लगाया है कि विवेक पटेल और अमित सिंह बर्थडे पार्टी के बहाने रितिक को घर से बुलाकर ले गए और साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। परिजनों ने गोली मारकर हत्या किये जाने का दावा किया है। वहीं रितिक के साथ बाइक पर मौजूद दोस्त विवेक पटेल ने पुलिस को बताया कि नीलगाय से टकराने के कारण सड़क हादसे में रितिक की मौत हुई, जबकि वह स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर सोमवार को परिजनों को सौंप दिया। सदर एसडीपीओ- वन विवेक दीप ने बताया कि दोस्त का बयान दर्ज किया गया है और प्रथम दृष्ट्या मामला सड़क हादसे का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमाटर्म रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर जारी

# मप्र में बारिश-आंधी के साथ कोहरे का असर, आज 20 जिलों में अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के कई इलाकों में आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भोपाल समेत 20 जिलों में गरज-चमक के साथ मावठा गिरने की चेतावनी जारी की गई है। राजधानी भोपाल में मंगलवार तड़के बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के बाद अब कोहरे की मार बढ़ेगी और अगले कुछ दिनों तक दृश्यता प्रभावित रह सकती है।सोमवार को प्रदेश के भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के 20 से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहे और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। टीकमगढ़, आगर-मालवा और अशोकनगर में सुबह ही बारिश हो गई, जबकि कुछ जिलों में शाम के समय मौसम बदला। उत्तरी मध्य प्रदेश में इसका असर सबसे ज्यादा देखने को मिला।

### आज इन जिलों में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में गरज के साथ बारिश हो सकती है। इनमें से कई इलाकों में सुबह के समय मध्यम कोहरा भी दर्ज किया गया।

### अगले तीन दिन कोहरे का बढ़ेगा असर

**4 फरवरी**ः शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मध्यम कोहरा।

**5 फरवरी**ः राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कोहरे की स्थिति।

**6 फरवरी**ः गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कोहरा छाया रहेगा।

आगर-मालवा जिले में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर मावठे की बारिश हो रही है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी महसूस की जा रही है।

### क्यों बदल रहा है मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के कारण बनी हुई है। 5 फरवरी को पश्चिम-उत्तरी भारत में एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते 10 फरवरी तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। इसके अलावा जेट स्ट्रीम हवाओं ने भी मौसम को प्रभावित किया है। उत्तर भारत के ऊपर करीब 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 240 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे प्रदेश में ठंडी हवाओं का असर बढ़ा। हालांकि, रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग की प्रभावी कार्रवाई

# बेकरी परिसर में गंदगी मिली खाद्य कारोबार तुरंत कराया बंद

● बिना वैध लाइसेंस के पान चटनी बनाने वाले संस्थान को भी कराया बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा चंदन नगर धार रोड स्थित न्यू मिलन बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर अजहर खान पिता अफ़ज़ल खान उपस्थित मिले। संस्थान में खाद्य पदार्थ टोस्ट का निर्माण किया जाना पाया गया। परिसर में अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था। परिसर की दीवारें तथा फर्श गंदी पाई गई, रॉ मटेरियल फर्श के संपर्क में रखे पाए गए। कर्मचारी बिना कैप और अप्रोन के काम करते पाए गए। परिसर में निर्माण स्थल में टोस्ट मिलाए जाने वाला संदिग्ध पाउडर मिला जो कि विक्रेता के बताए अनुसार टोस्ट निर्माण में मिलाया जाना बताया गया। उक्त पाउडर में सेकरिन मिले होने की आशंका होने पर तैयार टोस्ट एवं उक्त पाउडर के नमूने जाँच हेतु लिए गए तथा 210 किलोग्राम टोस्ट जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 19 हजार रुपए है। परिसर में अत्यंत गंदगी पाए जाने तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए अनुकूल परिस्थिति नहीं होने के कारण हिदायत देते हुए सुधार होने तक खाद्य कारोबार तुरंत प्रभाव से बंद कराया गया।



### तिलकपथ स्थित सेठ प्रोडक्ट पर भी की गई कार्रवाई

एक अन्य दल द्वारा तिलक पथ स्थित सेठ प्रोडक्ट का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोप. सोनाली सेठ मिली। मौका जांच के दौरान पान चटनी का निर्माण एवं संग्रहण होना पाया गया। पान चटनी में कलर मिलाया जा रहा था, साथ ही पान चटनी का निर्माण बिना खाद्य लाइसेंस के किया जा रहा था। खाद्य के लाइसेंस में पान चटनी के निर्माण संबंधी कोई जानकारी अंकित नहीं थी। मौके पर एक अन्य सफेद पदार्थ पाया गया जिसको चटनी में मिलाया जाना बताया गया। इसके खाद्य पदार्थ होने की जानकारी नहीं है। मौके पर पान चटनी का निर्माण गंदगी में किया जा रहा था। लाइसेंस की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा था। चटनी के निर्माण में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जा रहा था। मौके से पान चटनी, अज्ञात सफेद पाउडर, चॉकलेट फ्लेवर शकर बुरा के नमूने लिए गए एवं 198 बॉक्स (लगभग 316 लीटर) पान चटनी जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित मूल्य 83 हजार 160 रुपये है। वैध लाइसेंस नहीं होने के कारण प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार तुरंत प्रभाव से बंद कराया गया।

### उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का भी किया जा रहा है त्वरित निराकरण

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित और प्रभावी रूप से निराकरण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत के आधार पर, सिरपुर धार रोड स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में विक्रय किये जा रहे खड़े मसाले का मोबाइल फूट टेस्टिंग लैब की सहायता से स्पॉट परीक्षण किया गया तथा शिकायत का निराकरण किया गया।

# मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट ने किया सुसाइड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को एक मेडिकल छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना एमजीएम मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के बी-ब्लॉक की है। उसकी उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है।**

अंतरिक्ष का रूम पार्टनर हर्ष कौशिक शाम करीब 5:30 बजे हॉस्टल पहुंचा। उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद हर्ष ने दोस्तों की मदद से दरवाजा धक्का देकर खुलवाया। अंदर अंतरिक्ष फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि उसकी मौत काफी पहले हो चुकी थी। हर्ष के अनुसार, अंतरिक्ष पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था। अंतरिक्ष 2025 बैच का प्रथम वर्ष का एमबीबीएस छात्र था और ग्वालियर का रहने वाला था। कॉलेज सूत्रों के मुताबिक, वह सोमवार को कॉलेज नहीं आया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह हॉस्टल के ब्लॉक-बी की चौथी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 43 में फंदे से लटका मिला। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। हॉस्टल प्रशासन ने कमरे को सील कर दिया है और किसी को भी अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद आगे की जांच शुरू की जाएगी। संयोगिता के थाना टीआई तुषार सिंह ने बताया कि एमजीएम के बॉयस हॉस्टल में ग्वालियर के रहने वाले एक छात्र ने फांसी लगा ली। कॉलेज से लौटे छात्र ने उसका दरवाजा नॉक किया तक घटना का पता चला है। रूममेट का कहना है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था। मामले की जांच की जा रही है।

# रैपिडो बॉय ने किया नाबालिग से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रावजी बाजार पुलिस ने 17 साल की किशोरी की शिकायत पर रैपिडो बॉय के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी बाइक सवार सस्ते कपड़े दिलाने की बात पर उसे परदेशीपुरा लेकर गया। यहां उसके साथ रेप किया और उसे रावजी बाजार इलाके में छोड़कर चला गया। पीड़िता बाद में एक मंदिर के यहां बैठी रही। उसने चैट जीपीटी का इस्तेमाल कर महिला थाना और चाइल्ड लाइन का नंबर निकाला और पुलिस से संपर्क किया। जबकि इलाके में थाना वहां से मात्र 200 मीटर की दूरी पर ही था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, 17 साल की नाबालिग को रविवार को कपड़े खरीदने थे। इस दौरान उसने मोबाइल से रैपिडो बुक किया। रैपिडो चालक से उसने राजबाड़ा पर उतारने की बात कही। रास्ते में बातचीत के दौरान नाबालिग ने बताया कि उसे कपड़े लेना हैं। तब रैपिडो चालक ने परदेशीपुरा इलाके में सस्ते कपड़े मिलने की बात कही। इसके बाद वह नाबालिग को अपने कमरे पर ले गया और उसके साथ रेप किया। रात करीब 9 बजे आरोपी नाबालिग को शनि मंदिर के पास छोड़कर चला गया। नाबालिग काफी देर तक वहीं बैठी रही। बाद में उसने घर के लोगों को कॉल नहीं किया, बल्कि चैट जीपीटी से मदद लेकर हेल्पलाइन के नंबर निकाले। इसके बाद थाने को सूचना दी। रावजी बाजार पुलिस नाबालिग को लेकर थाने पहुंची और उसके परिवार को सूचना दी। पुलिस द्वारा थाने न आने को लेकर पूछने पर नाबालिग ने बताया कि थाना नजदीक था, लेकिन उसे इसकी जानकारी नहीं थी। नाबालिग इसी इलाके की रहने वाली है। वरिष्ठ अफसरों ने महिला पुलिस के सामने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने रेप की घटना होना बताया। नाबालिग के मोबाइल में रैपिडो ऐप पर डाली गई रिक्वेस्ट कैंसिल मिली। हालांकि पुलिस को नाबालिग की कहानी पर शंका है। इस मामले में पुलिस अभी आगे और जांच कर रही है। फिलहाल नाबालिग को देखते हुए प्रकरण में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। अभी आरोपी अज्ञात है, उसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# जो भी दोषी हो, उस पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए : अलका लांबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सोमवार को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा इंदौर आईं। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा मामले में जो भी दोषी हो, उस पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। चाहे वो मंत्री है, वो विधायक है, वो पार्षद है, वो सरकार का हिस्सा हो। हत्या का मामला चलाकर पूरी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए और इन्हें सजा मिलनी चाहिए, वरना कोई सबक नहीं लेंगे। बड़ा सवाल ये है कि यहां के लोग जहर पीने को क्यों मजबूर हैं? सरकार के पास फंड है, लेकिन जल जीवन मिशन में सात हजार करोड़ केंद्र सरकार ने खर्च नहीं किया। इसलिए इस बार बजट में और पैसा कम कर दिया। राहुल गांधी भी यहां के पीड़ित परिवारों से मिलकर गए। पीड़ितों की आर्थिक मदद सरकार करें। हमारी मांग है कि हर परिवार को एक करोड़ रुपया उसका परिवार को मिले। ताकि कम से कम अच्छी जिंदगी पूरा परिवार जी पाए। कांग्रेस एसआईआर के सख्त खिलाफ है। ये वोट चोरी का एक रास्ता अपना लिया है। हम हार नहीं रहे, हमें चुनाव आयोग, संवैधानिक संस्थाओं और वोट चोरी करके हराया जा रहा है। इस देश के संविधान ने एक वोट का अधिकार




आपको दिया हुआ है। वो अधिकार छीना जा रहा है। हरियाणा में पच्चीस लाख वोट फर्जी हमें महीनों लग गए। चुनाव आयोग ने ई-वोटर लिस्ट नहीं दी और हम हरियाणा का चुनाव मात्र बाईस हजार से हारे हैं। धर्म के नाम पर नंगा नाच असम के अंदर चल रहा है। राजनीतिक दलों को छोड़कर देश को आगे रखते हुए इन सब चीजों पर बात करना चाहिए। एक और सवाल ये है कि मध्यप्रदेश में भी एसआईआर चल रहा है। मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल के कुछ राज्यों में एसआईआर चल रहा है तो क्या आपको लगता है कि मध्य प्रदेश में भी वोट चोरी हुई है? हो रही है तो कांग्रेस के जो नेता हैं, वरिष्ठ नेता हैं, वो अभी फिलहाल क्या कर रहे हैं? वो रोके क्यों नहीं इनको अभी।भारत जिसे मां कहा जाता है, देश की मां, उस मां की गोद में कोख में आज बेटियां सुरक्षित कहीं नहीं, बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। अब समझ आता है बेटी भाजपा के विधायकों और सांसदों से बचानी पड़ रही है।इस बार इस तरह का बजट आया है कि आप जितना मर्जी काला धन रख लीजिए, विदेश चले जाइए, आप पर कोई आंच नहीं आएगी। जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# दूषित पानी से 32वीं मौत

## तीन मरीज अब भी भर्ती, 2 आईसीयू में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे में एक और मौत हो गई। एक माह से अधिक समय से एडमिट रही अनिता कुशवाह (65) ने रविवार रात को दम तोड़ दिया। अनिता का बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। वह लंबे समय से वेंटिलेटर पर थीं। इन्हें मिलाकर दूषित पानी से अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं।**

बेटे नीलेश ने बताया कि उन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी। 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण भाग्यश्री हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। दो दिन बाद डिस्चार्ज होकर घर पर लाया गया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर हालत बिगड़ी। उन्हें 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। अरबिंदो हॉस्पिटल से उन्हें 4 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती गई। हालत गंभीर होने पर किडनी फेल हो गई, जिसके चलते लगातार हेमोडायलिसिस किया जा रहा था। फिर वेंटिलेटर पर भी लिया गया। इलाज के दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट भी आया। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि शासन की ओर से हायर सेंटर पर इलाज करवाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से मरीज को बचाया नहीं जा सका। महिला के पति मिल से रिटायर्ड हैं। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। अनिता कुशवाह का अंतिम संस्कार आज होगा। भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में अब तक 32 मौतें हो चुकी हैं। इस मामले में 450 से ज्यादा मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज किए जा चुके हैं, लेकिन दूसरी ओर तीन मरीज अब भी एडमिट हैं। इनमें से 2 आईसीयू में हैं। उनकी हालत काफी क्रिटिकल बनी हुई है।



# एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार, 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक दोपहिया वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जब्त की गई ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम मालवा रेडीमेड क्लस्टर के सामने लक्ष्मीबाई नगर मेन रोड पर पहुंची। यहां दो युवक सड़क किनारे संदिग्ध हालत में खड़े मिले। टीम को देखते ही दोनों घबरा गए, जिस पर उनकी घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम कमललाल मेघवाल निवासी झालावाड़ राजस्थान और नरेंद्रलाल मेघवाल निवासी झालावाड़ राजस्थान बताए। जब उनकी और दोपहिया वाहन की तलाशी ली गई तो गाड़ी की सीट के अंदर छिपाकर रखी गई 31.86 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

# जिम ट्रेनर ने सड़क पर तलवार लहराई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र से तलवार लहराने का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है, जिसमें एक जिम ट्रेनर हाथ में तलवार लेकर लोगों को धमकाता नजर आ रहा है। आरोप है कि जिम ट्रेनर ने घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला किया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले में अब तक तीन लोगों को हिरासत में लिया है। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार श्याम नगर एनएक्स इलाके में तलवार लहराने की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तीन आरोपियों को पकड़ा। मुख्य आरोपी सूरज तिवारी पेशे से जिम ट्रेनर है। उस पर आरोप है कि उसने तलवार से अभिषेक चौहान और उसके भाई आकाश उर्फ अक्कू पर हमला किया। हमले में आकाश के हाथ में तलवार से गंभीर चोट आई है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी सूरज और उसके साथियों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। टीआई सुशील पटेल ने बताया कि घटना के समय दोनों पक्षों के युवक शराब के नशे में थे। रात में घूरने को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक विवाद में बदल गई। विवाद के बाद सूरज अपने घर से तलवार लेकर आया और अभिषेक के घर में घुसकर हमला कर दिया। पुलिस ने रात में ही जिम ट्रेनर सूरज तिवारी, आकाश उर्फ अक्कू और तरुण को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# लोडिंग वाहन ने बाइक और एक्टिवा को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक टाटा एस लोडिंग वाहन ने दो बाइक और एक एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में करीब चार लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने टाटा एस वाहन को जब्त कर लिया है और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर शराब के नशे में था।**



पुलिस के मुताबिक यह घटना आईटी पार्क के पास हुई। टाटा एस वाहन ने पीछे से दो बाइक और एक एक्टिवा को टक्कर मारी। मौके पर पहुंचे बीट के जवानों ने घायलों को ऑटो रिक्शा के माध्यम से अस्पताल भिजवाया। हादसे में 55 वर्षीय भागीरथ शुक्ला के सिर में चोट लगी है। उनकी तबीयत गंभीर है। वे खंडवा रोड स्थित कस्तूरबा ग्राम ट्रस्ट में चौकीदार हैं। वे चेतना को कोटक महिंद्रा बैंक की नौकरी के लिए इंटरव्यू दिलाने के लिए ले जा रहे थे। उनकी बेटी चेतना शुक्ला (21) के भी सिर में चोट आई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर नशे में था। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इस हादसे में एक युवक के सिर में भी चोट आई है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए थे। फिलहाल पुलिस वाहन की तकनीकी जांच कराने की बात कह रही है।

# मरीमाता में कारों से स्टंट, हूटर बजाते युवकों का वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मरीमाता इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कुछ युवक दो कारों में सवार होकर हूटर बजाते हुए स्टंट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के बाद पुलिस सड़कों पर हंगामा कर रहे युवकों की तलाश में जुट गई है।**

बताया जा रहा है कि यह वीडियो बाणगंगा से सदर बाजार के बीच मरीमाता क्षेत्र का है, जो रविवार रात का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक दो कारों से स्टंट करते हुए सड़क पर खुलेआम घूम रहे हैं और कारों में हूटर भी बजाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान वे चौराहों पर मौजूद पुलिस पॉइंट्स के पास से भी गुजरते रहे, लेकिन उन्हें रोका नहीं गया। वीडियो सामने आने के बाद अब स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई है और हंगामा कर रहे युवकों तथा उनकी गाड़ियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर संबंधित युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# कबाड़ की दुकान में लगी आग

**इंदौर।** हवा बंगला रोड पर सोमवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे गायत्री गेट फुटी कोठी रोड स्थित एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की एक गाड़ी तत्काल मौके पर भेजी गई। दमकल कर्मियों ने करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझा दिया। एसआई संतोष दुबे के अनुसार आग लगने वाली दुकान जितेंद्र पुत्र बाबूराव की है, जो यहां कबाड़ का व्यवसाय करते हैं। दुकान किराए पर ली गई थी।

# आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा केन्द्रीय बजट



**डॉ. मोहन यादव**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में हम विकसित भारत का मिशन लेकर आगे बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के लिए आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, उद्योगों को सरल प्रक्रियाएँ, निवेशकों को भरोसेमंद वातावरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, एमएसएमई सेक्टर को संस्थागत समर्थन और नागरिकों को बेहतर सेवाएँ प्राप्त होंगी।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की जो नींव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रखी गई है उसे वर्ष 2026-27 के बजट ने और ज्यादा मजबूत किया है। भारत की अर्थव्यवस्था अब तेजी से नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है। युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान शक्ति और उद्यमिता के सहयोग से भारत ने आगे बढ़ने जो संकल्प लिया है वह कई अर्थों में अद्भुत है। आज जब भारत औद्योगिक निवेश और निर्माण क्षेत्र का हब बनने जा रहा है, उसमें मध्यप्रदेश भी अपनी पूरी शक्ति के साथ योगदान देने के लिए तैयार है। हमने औद्योगिक निवेश के लिये अनुकूल वातावरण तैयार किया, जिससे निरंतर निवेश आ रहा है। नये बजट से पूरे इको-सिस्टम को नई ऊर्जा मिली है। बजट में हरित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया गया है। इससे मध्यप्रदेश को दीर्घकालिक लाभ होने वाला है। कृषक कल्याण और कृषि विकास को मिशन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है।

इसी प्रकार सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट, मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीक के विकास पर बजट में ध्यान केन्द्रित किया गया है। इन तीनों क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को हाई टेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा। इन क्षेत्रों के लिये नीतियां बनाने का काम पूरा कर लिया है। निवेश आकर्षित करने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

केन्द्रीय बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित है। यह सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश में तेजी से शिक्षा का आधुनिकीकरण हो रहा है, नया बजट युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए व्यापक अवसर लेकर आया है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एपीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। पर्यटन क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइड्स के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेलों के परिदृश्य में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा। महिलाओं के लिये एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10 हजार करोड़ रूपये का आवंटन लाभदायी होगा। युवा भारत के लिये सेवा क्षेत्र का विस्तार संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा और रोजगार और उदयम के अवसर बढ़ेंगे।

महिला उदयमिता को बढ़ावा देने के लिए लखपति दीदी योजना में महिला उदयमियों को क्रेडिट लिंक आजीविका से उद्य स्वामित्व से जोड़ने में मदद मिलेगी। मध्यप्रदेश ने पहले ही इस दिशा में ठोस प्रयास किये हैं।

सिटी ईकॉनामिक रीजन बनाने की नीति मध्यप्रदेश के शहरी विकास के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। शहरों को संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित करने में यह सहायक सिद्ध होगी। शहरी क्षेत्रों में नियोजित आर्थिक विकास, औद्योगिक व्यावसायिक क्लस्टरिंग और आधुनिक अधोसंरचना का निर्माण होगा। इससे मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित होंगे और निवेश अनुकूल शहरी अर्थव्यवस्था का निर्माण होगा। यह निवेश मॉडल मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स तथा व्यापारिक सुगमता को व्यापक रूप से मजबूत बनायेगा।

बजट में सामाजिक समावेश पर पूरा ध्यान दिया गया है। आर्थिक विकास की ये पहल मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। समावेशी विकास के साथ मानव-पूंजी निर्माण को भी मजबूती मिलेगी। शी-मार्ट्स, दिव्यांगजन कौशल योजना, सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल और शिक्षा कौशल आधारित पहल से सामाजिक सशक्तिकरण के साथ आर्थिक विकास को समावेशी स्वरूप मिलेगा। इससे मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण मानव पूंजी का सृजन होगा।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को विकास के केन्द्र में रखते हुए यह बजट प्रशासनिक सरलीकरण, निवेश-अनुकूल नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और वित्तीय स्थिरता के माध्यम से मध्यप्रदेश को तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की ठोस आधारशिला रखता है। मध्यप्रदेश के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 केवल एक नीति-दस्तावेज नहीं, बल्कि राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास का एक ऐतिहासिक अवसर है, जो मध्यप्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अत्यंत सहायक एवं परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी।

**(लेखक मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन हैं)**

## छात्रा से रेप... प्रेग्नेंट होने पर खुलासा

**सागर, एजेंसी।** सरकारी हॉस्टल में 12 साल की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर करीब 4 महीने तक नाबालिग से रेप करता रहा। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया, जहां चेकअप के बाद उसके तीन महीने की गर्भवती होने का पता चला। मामला जिले के एक आदिवासी सरकारी हॉस्टल का है। छात्रा भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। आरोपी को सागर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह मूलतः विदिशा जिले के गंजबासौदा के एक गांव की रहने वाली है। हॉस्टल में रहकर 8वीं की पढ़ाई कर रही है। यहां पिछले दो साल से रह रही है। पीड़िता ने कहा- अल्ताफ (35) नाम का युवक हॉस्टल में सब्जी देने आता था। सितंबर 2025 में वह जबरदस्ती छात्रा के कमरे में घुस आया। दरवाजा बंद कर छात्रा के साथ रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी छात्रा ने इस बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपी को जब भी मौका मिलता, वह दुष्कर्म करता रहा।

## जहरीली कफ सिरप से एक और मौत

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** जिले के परासिया में हुए कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड के शिकार बैतूल जिले के चार वर्षीय हर्ष की रविवार रात करीब 10 बजे नागपुर एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले चार महीने से आईसीयू में भर्ती था और लगातार कोमा में था। परिजनों के मुताबिक, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गांव लाया जाएगा। डॉक्टरों ने हर्ष की स्थिति शुरुआत से ही नाजुक बताई थी, लेकिन वे धीरे-धीरे रिकवरी होने की बात कह रहे थे। बच्चे के दादा देवा ने बताया कि उसे भर्ती कराने के बाद से होश नहीं आया। डॉक्टर रोज कहते थे कि अब थोड़ा बेहतर है, लेकिन कल रात वह हमें छोड़ गया।

## करंट लगने से दो बाघों की मौत

**शहडोल, एजेंसी।** जिले के जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र में करंट लगने से रविवार रात एक नर और एक मादा बाघ की मौत हो गई। करपा बीट क्षेत्र में हुई इस घटना से वन विभाग सकते में हैं। वन विभाग को रविवार रात सर्किल मसिरा के आरएफ 382 क्षेत्र के पास एक बाघ का शव मिलने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच के दौरान सोमवार तड़के उसी क्षेत्र में एक बाघिन का शव भी बरामद हुआ। दोनों शव राजस्व क्षेत्र में एक-दूसरे के नजदीक पाए गए, जिससे यह पुष्टि हुई कि उनकी मौत एक ही घटना में हुई है। जांच में यह सामने आया है कि एक किसान ने अपनी फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत में अवैध रूप से बिजली का तार बिछाया था। इसी तार की चपेट में आने से दोनों बाघों की जान चली गई।

# राष्ट्रीय परेड में शामिल प्रत्येक कैडेट्स अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक : राज्यपाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि परेड, अनुशासन और आपसी तालमेल का बेहतरीन नमूना होती है। हर देशवासी को देशभक्ति और ऊर्जा से भर देती है। हम सभी को देश सेवा की प्रेरणा देती है। गणतंत्र दिवस 2026 की राष्ट्रीय परेड में शामिल प्रत्येक एनसीसी कैडेट्स अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक है। राजधानी के कर्तव्य पथ पर आपकी अनुशासित, प्रभावी और गरिमामयी सहभागिता ने प्रदेशवासियों का मान बढ़ाया है। आप सभी हमारा गौरव हैं।**

राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को लोकभवन के सांदीपनि सभागार में एन.सी.सी. एट होम समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गणतंत्र दिवस 2026 की राष्ट्रीय परेड और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक एवं उपलब्धियां प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्मानित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने राष्ट्रीय स्तर पर ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त करने पर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. निदेशालय को बधाई दी।




भविष्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एन.सी.सी. कैडेट्स शिक्षित और अनुशासित होने के साथ संस्कारवान भी बने। आदर्श जीवन मूल्यों को धारण करें। माता-पिता, गुरुजनों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का हमेशा सम्मान करें।

उन्होंने कहा कि युवा संविधान के मूल्यों, न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को जीवन में उतार कर गरीब, वंचित, और जरूरतमंदों के कल्याण में उपयोग करें। स्वच्छता, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्रों में ध्वज वाहक के रूप में समाज का नेतृत्व करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हर युवा "हम दिन चार रहे न रहे, माँ तेरा वैभव सदा रहे" के भाव के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान दें। संकल्प लें कि जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र प्रेम और भक्ति के साथ अपने कर्तव्यों, अधिकारों, नियमों और सामाजिक दायित्वों का आदर्श रूप में पालन करेंगे।

# ब्राह्मणों के खिलाफ बन रहे सारे नियम-कानून : गोपाल भार्गव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में ब्राह्मणों पर टिप्पणी करने में अधिकारियों में मानो होड़ सी लगी है। सबसे पहले आईएएस संतोष वर्मा ने ब्राह्मण की बेटियों पर विवादित कमेंट किया। उनके इस वक्तव्य पर हंगामा मच गया था। इसके बाद प्रदेश के एक अन्य आईएएस नियाज खान का सोशल मीडिया में दिया गया बयान सामने आया। उन्होंने ब्राह्मणों को आरक्षण देने की बात कहते हुए उनके प्रति समर्थन जताया। सोमवार को प्रदेश के पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव ने भी फेसबुक पर ब्राह्मणों की खासी वाहवाही की। अधिकारियों और पूर्व अधिकारियों के कमेंट के साथ प्रदेश के एक वरिष्ठ ब्राह्मण राजनेता का भी ब्राह्मणों पर बड़ा बयान सामने आया है। प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार गोपाल भार्गव ने यह कहकर खलबली मचा दी कि सारे नियम कानून ब्राह्मणों के खिलाफ बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था में हम पीछे धकेले जा रहे हैं। सागर में ब्राह्मण समाज का मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 266 मेधावी विद्यार्थियों को कौटिल्य सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के इस सम्मेलन में विप्र वैवाहिक स्मारिका का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव ने वैवाहिक पत्रिका का विमोचन किया। उन्होंने इसे समाज के लिए हितकारी कदम करार दिया। ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल भार्गव ने कहा आज सारे समाज व वर्ग एक हैं और संगठित हैं, इसलिए चारों तरफ उनकी सुनी जाती है। हम बिखरे हुए हैं, वोट बैंक नहीं हैं, इसलिए संवैधानिक व्यवस्था में हम पीछे धकेले जा रहे हैं। पूर्व मंत्री व बीजेपी के वरिष्ठ नेता विधायक गोपाल भार्गव ने स्पष्ट कहा कि सारे नियम कानून ब्राह्मणों के खिलाफ बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि हम पुरातन काल से धर्म प्रदर्शक रहे तो हमें टारगेट करने लोग सनातन धर्म पर ही कुठाराघात करने लगे हैं। विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि अब समय आ गया है, परिस्थितियां विपरीत हैं तो धर्म बचाने ब्राह्मण को एक होना ही पड़ेगा।

## उज्जैन वासियों को अवंतिका द्वार से प्रवेश की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल ने सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। उन्होंने उज्जैन वासियों को महाशिवरात्रि पर अवंतिका द्वार से सुगम प्रवेश दिलाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने अवंतिका द्वार पर दर्शन व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। महापौर टटवाल ने बताया कि उन्हें अवंतिका द्वार से अच्छे और व्यवस्थित तरीके से दर्शन हुए। यह व्यवस्था लंबे समय से उनकी प्रमुख मांग रही है। इससे पहले, महापौर मुकेश टटवाल ने 10 जनवरी को एक पत्र जारी किया था। इसमें उन्होंने उज्जैन शहर के श्रद्धालुओं को अवंतिका द्वार पर होने वाली परेशानी का जिक्र करते हुए आधार कार्ड से सुलभ और शीघ्र दर्शन की सुविधा देने की बात कही थी। इसका उद्देश्य स्थानीय श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से राहत दिलाना था। महापौर ने यह भी कहा कि उज्जैन शहर में रहने वाले लोगों के लिए रोजाना सुगम और व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था होनी चाहिए।

## संपादकीय

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील**

# रिश्तों की नई रफ्तार, बाजार में बहार

भले ही भारत को ट्रंप की वजह से पैदा हुई उथल-पुथल और दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो 2025-26 में शानदार 7.4% की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। PM मोदी के नेतृत्व में और वित्त मंत्री सीतारमण के मार्गदर्शन में सरकार ने इन मुश्किल हालात में किसी एक दिशा में जोखिम भरा कदम उठाने से अच्छा सही रास्ते प त को पूरा करने में मदद कर सकता है। बजट राज्यों को 5 क्षेत्रीय मेडिकल हब बनाने में सहा  दोनों को दर्शाता है। आर्थिक बुनियादी बातों के बारे में आश्वस्त होकर, सीतारमण ने विदेशी निवेश व्यवस्था में सुधार करने और वित्तीय क्षेत्र के उदारीकरण के लिए एक रोडमैप तैयार करने की सरकार की इच्छा व्यक्त की। बजट ने व्यापार करने में आसानी के बदलावों को लक्षित कर संकेतों के साथ मिलाकर, विदेशों में रहने वाले भारतीयों और विदेशियों से निवेश आकर्षित करने की कोशिश की है। इनमें विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों की समीक्षा शामिल है। साथ ही भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों (PROI) के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना के माध्यम से सूचीबद्ध भारतीय इक्विटी में निवेश करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें प्रति व्यक्ति सीमा बढ़ाकर 10% और कुल PROl सीमा बढ़ाकर 24% कर दी गई है। कुल मिलाकर ये उपाय एक संदेश देना चाहते हैं कि भारत सिर्फ पूंजी प्रवाह नहीं चाहता, वह चाहता है कि वैश्विक कंपनियां भारत से अपना ज्यादा काम करें, निर्माण करें, उत्पादन करें, सेवा दें और रोजगार दें। 7% से ज्यादा की शानदार ग्रोथ के आंकड़े, जो अब 2026-2027 में 6.8 से 7.2% रहने का अनुमान है, संभावित निवेशकों को उनके इनविटेशन को सही साबित करते हैं।

**Health is Wealth**

# सावधान! सुबह की अकड़न को मामूली समझने की ना करें गलती, हो सकती है आर्थराइटिस का शुरुआती लक्षण



अक्सर कई बार सुबह उठते ही शरीर में महसूस होने वाली हल्की अकड़न या उंगलियों के जोड़ में महसूस होने वाले मामूली दर्द को यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह 'शायद गलत पोजीशन में सोने का नतीजा होगा'। लेकिन जब यह मामूली सी लगने वाली अकड़न घंटों तक बनी रहे और जोड़ों में हल्की गर्माहट महसूस होने लगे, तो यह महज थकान नहीं बल्कि रुमेटॉइड आर्थराइटिस (RA) की शुरुआत हो सकती है। जी हां, देशभर में हर साल 2 फरवरी को रूमेटॉइड आर्थराइटिस (RA) जागरूकता दिवस 2026 मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य ऑटोइम्यून बीमारी, इसके लक्षणों और इसके साथ जीने वाले लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बता दें, यह एक गंभीर स्थिति है जो जोड़ों की परत को नष्ट करके दर्द, सूजन और अकड़न की समस्या पैदा कर सकती है। समय पर इलाज और निदान इस रोग के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण होता हैं। आईएसआईसी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के रुमेटोलॉजिस्ट डॉ. संजीव कपूर से आइए जानते हैं आखिर क्या है रूमेटॉइड आर्थराइटिस और क्या हैं इसके शुरुआती लक्षण।

### बीमारी को समझें: यह कितनी आम है और क्यों जरूरी है ध्यान देना

सुबह उठते समय जोड़ों में अकड़न महसूस होना अक्सर उम्र बढ़ने या ज्यादा काम करने का नतीजा मानकर अनदेखा कर दिया जाता है। लेकिन जब सुबह की ये अकड़न 30 मिनट से ज्यादा समय तक बनी रहे और रोज होने लगे, तो यह रूमेटॉइड आर्थराइटिस (RA) का शुरुआती संकेत भी हो सकता है।

### क्या है रूमेटॉइड आर्थराइटिस

रूमेटॉइड आर्थराइटिस एक पुरानी ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर की इम्यून सिस्टम गलती से खुद के जोड़ों पर हमला करने लगती है। इससे जोड़ों में सूजन, दर्द और धीरे-धीरे नुकसान होने लगता है। भारत में लगभग 0.5 से 1 प्रतिशत वयस्क इस बीमारी से प्रभावित हैं, लेकिन कई मामलों में शुरुआती दौर में इसकी पहचान नहीं हो पाती।

### ऐसा क्यों होता है?

RA में जोड़ों के अंदर सूजन बढ़ जाती है, खासकर लंबे समय तक आराम करने के बाद, जैसे रात की नींद के दौरान। इसी कारण सुबह दर्द और अकड़न ज्यादा महसूस होती है, जो धीरे-धीरे चलने-फिरने से कम होती जाती है।

### रूमेटॉइड आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ाने वाले कारण

1. कुछ कारण रूमेटॉइड आर्थराइटिस का खतरा बढ़ा सकते हैं-
2. -परिवार में किसी को ऑटोइम्यून बीमारी होना
3. -धूम्रपान करना या लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहना
4. -खासकर महिलाओं में होने वाले हार्मोनल बदलाव
5. -लगातार तनाव और कमजोर इम्यून सिस्टम
6. शुरुआती लक्षण जिन पर ध्यान देना जरूरी है
7. -सुबह उंगलियों, कलाई, घुटनों या टखनों में लगातार अकड़न
8. -शरीर के दोनों तरफ एक-जैसे जोड़ों में सूजन, गर्माहट या दर्द
9. -ज्यादा थकान, शरीर में दर्द और हमेशा अस्वस्थ सा महसूस होना
10. -रोजमर्रा के कामों में परेशानी, जैसे चीज पकड़ना, कपड़ों के बटन लगाना या चलने में दिक्कत
11. ये लक्षण धीरे-धीरे आते हैं और कभी कम तो कभी ज्यादा हो सकते हैं, इसलिए लोग अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं।

### किन लोगों में होता है जोखिम का खतरा ज्यादा

1. कुछ लोगों में RA होने की संभावना ज्यादा बनी रहती है-
2. -महिलाएं, क्योंकि उनमें यह बीमारी पुरुषों की तुलना में ज्यादा पाई जाती है
3. -30 से 60 साल की उम्र के लोग, हालांकि यह किसी भी उम्र में हो सकती है
4. -जिनके परिवार में किसी को रूमेटॉइड आर्थराइटिस रहा हो
5. -धूम्रपान करने वाले लोग, जिनमें बीमारी ज्यादा गंभीर हो सकती है
6. -लंबे समय तक इलाज न कराए गए जोड़ों की सूजन वाले लोग
7. -समय पर जोखिम पहचानना जल्दी जांच और इलाज में मदद करता है।

### समय पर इलाज और देखभाल क्यों जरूरी है

रूमेटॉइड आर्थराइटिस से राहत पाने के लिए रोग की जल्दी पहचान सबसे अहम होती है। अगर जोड़ों की अकड़न और दर्द लगातार बना रहे, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। जांच के लिए खून की जांच, एक्स-रे या अन्य स्कैन किए जा सकते हैं। इलाज का उद्देश्य सूजन कम करना, दर्द से राहत देना और जोड़ों को नुकसान से बचाना होता है, जिसमें दवाइयां, फिजियोथेरेपी और जीवनशैली में बदलाव शामिल हैं।

New Delhi

# पीएम मोदी ने पत्रकारों को कहा- धन्यवाद, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर पहली बार मीडिया के सामने प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, जब पीएम मोदी एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल होने के लिए पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग पहुंचे तो इस दौरान वहां मौजूद तमाम पत्रकारों ने उन्हें भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के लिए शुभकामनाएं दी, जिस पर पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए सभी को धन्यवाद कहा।

भारत और अमेरिका के बीच बने व्यापार समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा।



हालांकि अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि नया टैरिफ कब से लागू होगा? भारत किन अमेरिकी उत्पादों की खरीद बढ़ाएगा? और व्यापार बाधाएं कैसे कम होंगी?

बता दें कि, अमेरिका की तरफ से भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाने के बाद व्यापारिक संबंध तनावपूर्ण हो गए थे, जिसमें रूसी तेल खरीद से जुड़ा 25% शुल्क भी शामिल था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आत्मविश्वास वह शक्ति है जो सब कुछ संभव बनाती है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करेगी। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा- आत्मविश्वास वह शक्ति है, जिसके बल पर सब कुछ संभव है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में देशवासियों की यही शक्ति बहुत काम आने वाली है।

Uttarpradesh

## कलावा पहनकर शादी का झांसा और फिर देहव्यापार, 100 से ज्यादा लड़कियों को बनाया निशाना



**बस्ती, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में लव जिहाद से जुड़े एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है. आरोप है कि मुख्य आरोपी अजफरुल हक उर्फ प्रिंस और उसके गिरोह ने 100 से अधिक लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाया है. आरोपी खुद को हिंदू बताकर, कलावा पहनकर और शादी व नौकरी का झांसा देकर भरोसा जीतता था. बाद में आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर उन्हें देह व्यापार में धकेल देता था. पीड़िताओं को नेपाल सहित देश के अलग-अलग राज्यों में भेजे जाने का भी आरोप है. विरोध करने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया गया और अपहरण की धमकी दी गई. पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है. कलवारी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता बस्ती शहर में एक निजी हॉस्पिटल में काम करती थी,जहां जनवरी 2022 में उसकी मुलाकात प्रिंस से हुई जिसने खुद को हिंदू बताया और उसे अच्छे हॉस्पिटल में नौकरी दिलवाने के नाम पर बात ही बात में उसका मोबाइल नंबर ले लिया. धीरे धीरे उसने पीड़िता को प्रेम जाल में फंसाया. युवती को शक न हो इसके लिए युवक बाकायदा अपने हाथ में कलावा पहनता था. भरोसा जीतकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर शादी का झांसा दे लगातार दुष्कर्म किया.

Maharashtra

## नागपुर AIIMS में मासूम ने तोड़ा दम, कफ सिरप ने फेल कर दी थीं दोनों किडनियां

**छिंदवाड़ा/बैतूल, (एजेंसी)** कथित जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप से जुड़ा मामला लगातार भयावह होता जा रहा है। पहले ही बच्चों सहित 12 से अधिक लोगों की जान लेने के आरोपों से घिरे इस सिरप ने अब बैतूल जिले के चार वर्षीय हर्ष यदुवंशी की भी जिंदगी छीन ली। 120 दिन तक नागपुर एम्स में चले लंबे इलाज के बाद मासूम ने बीती रात अंतिम सांस ली। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब हर्ष का शव उसके गांव टीकाबरी (बोरदेही) पहुंचा तो पूरा गांव गमगीन हो उठा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों में जिम्मेदारों के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हर्ष यदुवंशी (4 वर्ष) पिता गोकुल यदुवंशी, जो की ग्राम टिकाबर्री, तहसील आमला, जिला बैतूल का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार सितंबर 2025 में हर्ष को सर्दी-जुकाम और बुखार की शिकायत हुई थी। 26 सितंबर को छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र के एक निजी चिकित्सक डॉ. एस.एस. ठाकुर से उसका इलाज कराया गया। आरोप है कि इसी दौरान उसे कोल्ड्रिफ कफ सिरप दिया गया। दवा लेने के कुछ समय बाद ही बच्चे की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी।

Paschim bangal

## मैं लाखों लोगों को दिल्ली ला सकती हूं और..., CEC और ममता बनर्जी में हो गई तनातनी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दो टूक कहा कि कानून का शासन कायम रहेगा तथा कानून अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ कानून के प्रावधानों और आयोग में निहित शक्तियों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। कुमार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से सोमवार को यह बात कही। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित कुछ मुद्दे उठाए। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनके सवालों का जवाब दिया और स्पष्ट किया कि कानून का शासन कायम रहेगा और कानून अपने हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ कानून के प्रावधानों और आयोग में निहित शक्तियों



के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने जाते समय मेज थपथपाकर अपनी बात रखी। इस बीच बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद निर्वाचन आयोग पर उनके राज्य के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह 'बैठक का बहिष्कार' कर रही हैं क्योंकि आयोग ने 'हमारा अपमान' किया है और उनकी पार्टी को 'न्याय नहीं मिला'।

खेल

टाटा स्टील मास्टर्स

## उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव बने विजेता एरिगेसी को हराया गुकेश भारतीयों में शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगेसी को हराकर सोमवार को टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीता। वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश संयुक्त आठवें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। गुकेश ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया।

आर प्रज्ञानंदा ने भी नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला और 5.5 अंक के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। अगर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से पहले इस प्रदर्शन को देखें तो भारतीय खिलाड़ी को सुधार करना होगा। एरिगेसी को रेटिंग के मामले में सबसे अधिक नुकसान हुआ क्योंकि उन्होंने 29 अंक गंवा दिए और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए। असल में गुकेश ही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं जो लाइव रेटिंग सूची में 10वें नंबर पर हैं और शतरंज के शौकीनों के लिए यह हैरानी की बात है कि 2750 रेटिंग से ऊपर कोई भारतीय नहीं है।

अब्दुसत्तोरोव ने 13 बाजी के मुकाबले में नौ अंक हासिल किए। उनके जूनियर हमवतन



और विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उनसे आधा अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। फोरेस्ट, केमर और अमेरिका के हैंस नीमन 7.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे जो जर्मनी के मथाइस ब्लूबाउम और टूर्नामेंट के 14 साल के सनसनीखेज खिलाड़ी तुर्किये के यागिज कान एर्दोगमुस से आधा अंक अधिक है। गुकेश, नीदरलैंड के अनीश गिरी और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसेव ने प्रज्ञानंद से एक अंक अधिक हासिल किया और संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहे। एरिगेसी और अरविंद चिदंबरम ने 4.5 अंक जुटाए जबकि चेक गणराज्य के थाई दाई वैन गुयेन आखिरी पांच दौर के मुकाबले हारने के बाद सिर्फ तीन अंक के साथ सबसे आखिरी स्थान पर रहे।

सिनेमा

## यूट्यूबर अदनान शेख की बदतमीजी पर भड़कीं सपना चौधरी, गुस्से में छोड़ा गेम, बोलीं- ऐसा मारूंगी...



कलर्स के शो द 50 में हरियाणा की स्टार डांसर सपना चौधरी भी पार्टिसिपेट कर रही हैं. शो के प्रीमियर एपिसोड में सपना नजर नहीं आईं. लेकिन मंगलवार के शो में उनका पंगा होने वाला है. शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें टास्क के दौरान सपना और यूट्यूबर अदनान शेख के बीच जबरदस्त लड़ाई हुई. वीडियो में देख सकते हैं कैसे टास्क में जीतने के लिए हर टीम कड़ी मेहनत कर रही है. गेम में सुरक्षित होने के लिए सभी 40 सेफ काइर्स खोजने हैं. जिन्हें लायन ने छिपाया है. ये सेफ काइर्स एरीना एरिया में रखे सामान के अंदर छिपाए गए हैं. काइर्स को ढूंढने के लिए इन चीजों को तोड़ना पड़ेगा. जिन भी प्लेयर्स को ये कार्ड मिलेंगे वो गेम में सेफ हो पाएंगे. बाकी बचे खिलाड़ी अनसेफ जोन में चले जाएंगे. टास्क के बीच खूब गहमागहमी होती है. इस दौरान सपना का गुस्सा भड़क जाता है. वो अदनान पर चीटिंग करने का आरोप लगाती हैं. वो अदनान को कहती हैं- दम नहीं है क्या, बाहर जाकर कमाने का. पहले चीटिंग करता है, फिर यहां पर मर्दानगी दिखाता है. ये सुनकर अदनान का पारा हाई हो जाता है. वो कहते हैं- चिल्ला मत. औरत है तो औरत की तरह रह. चल निकल...अदनान को यूं बदतमीजी से बात करता देख सपना उन्हें धमकी देते हुए कहती हैं- ऐसा मारूंगी ना, बाहर मिलेगा तो. नहीं खेलना मुझे. ऐसी की तैसी... लड़ाई के दौरान सपना और अदनान को उनके दोस्त चुप कराने की कोशिश करते हैं.

## Highlights

1. Train arrives without coach, leads to chaos for passengers at Sambalpur station
2. What are the new baggage rules & how much gold jewellery can be bring duty-free now?
3. India successfully concludes 5 major trade deals in 12 months, US pact being the latest
4. How can a person save nearly ₹20 lakh on ₹50 lakh home loan?

# Billionaire banker Uday Kotak hails Nirmala Sitharaman's Budget 2026: 'Budget for the real economy'



**NEW DEIHI, (Agency).** India's budget for 2026-27, presented by Union Finance Minister Nirmala Sitharaman on Sunday, drew attention from business leaders across the country. Uday Kotak, founder of Kotak Mahindra Bank, took to X (formerly Twitter) to share his thoughts, describing it as a "budget for the real economy."

While noting the overall fiscal discipline, Uday Kotak highlighted the welcome increase in defence spending.

He said the budget appeared to carefully balance the financialisation of the economy with long-term development, aiming to strengthen diverse sectors across India.

"Fiscal discipline continues, but the focus on development and real economic growth is clear," he added.

Kartavya framework for development:

Finance Minister Nirmala Sitharaman presented a budget aimed at achieving three key responsibilities towards building a developed India by 2047.

In her speech, she introduced a "three-pronged kartavya framework" to shape the government's economic and social goals.

The three responsibilities focus on boosting and sustaining economic growth, meeting citizens' aspirations through skill and capacity development, and ensuring everyone has access to opportunities.

Here's how people reacted to this post:

X users reacted to the post, with many appreciating Uday Kotak's view of the budget as a "budget for the real economy", while others said the budget only favours billionaires.

One of the users commented, "Budget sounds stable."

A second user commented, "A clear tilt towards the real economy is visible."


"The Budget reflects a disciplined and calibrated approach," another user commented.

On the consumer front, the Budget has adjusted duties on several items. Prices are set to fall for aircraft parts, microwave oven components, 17 essential drugs, including cancer medicines, certain imported medicines for rare diseases, selected personal-use imports, inputs for leather exports, and smartphones and tablets made in India.

# SBI, LIC emerge as key sellers in $2.5-billion NSE IPO, DRHP likely in 3 months

**NEW DEIHI, (Agency).** State Bank of India and Life Insurance Corporation of India Ltd. are likely to be key sellers in the potential $2.5-billion initial public offering of the National Stock Exchange of india.

The NSE IPO is likely to be a pure offer-for-sale, wherein existing shareholders are likely to offer 4%-4.5% of the company's equity, a person aware of the deal told




Bloomberg News on the condition of anonymity because the information is private. All 190,000 shareholders of the exchange will be given the option to participate in the OFS, this person said.

LIC holds a 10.72% stake in NSE and Temasek Holdings has 4.5%, according to data published on the exchange's website. SBI Capital also held roughly 4.5% as of 31 December 2025, while SBI's stake is about 3.2%, the data show.

NSE IPO GMP

NSE shares are trading at ₹2,150 in the grey market, implying a valuation of about ₹5.3 lakh crore, making the National Stock Exchange the world's fourth most valuable exchange among listed peers, according to Bloomberg data.

सांसद शंकर लालवानी पर अभद्र टिप्पणी

# सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड को लेकर सांसद शंकर लालवानी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जतिन मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई सांसद प्रतिनिधि विशाल गिदवानी की लिखित शिकायत के आधार पर की गई है।**



जतिन मिश्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने भागीरथपुरा में हुई मौतों को लेकर बातें करते हुए यह दावा किया कि सांसद शंकर लालवानी ने उन्हें इंदौर बुलाया और रुकने के लिए कहा। इसी वीडियो में उन्होंने सांसद के खिलाफ अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की। सांसद प्रतिनिधि विशाल गिदवानी ने शिकायत में कहा कि जतिन मिश्रा ने अपने वीडियो में मनगढ़ंत और असत्य बातें कही हैं, जिससे सांसद लालवानी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जतिन मिश्रा कभी भी सांसद से नहीं मिले हैं और यह पूरा कंटेंट केवल सस्ता प्रचार पाने के उद्देश्य से बनाया गया है। शिकायत के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो और स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे गए।

मामले की जांच के बाद पुलिस ने जतिन मिश्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 और 352 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गौरतलब है कि जतिन मिश्रा राजनीति से जुड़े कंटेंट नियमित रूप से बनाते हैं और उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर 15 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं। अपने इस विवादित कंटेंट में उन्होंने इंदौर के साथ-साथ मंदसौर और ग्वालियर का भी उल्लेख किया है।

# जिम ट्रेनर ने सड़क पर तलवार लहराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र से तलवार लहराने का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है, जिसमें एक जिम ट्रेनर हाथ में तलवार लेकर लोगों को धमकाता नजर आ रहा है। आरोप है कि जिम ट्रेनर ने घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला किया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले में अब तक तीन लोगों को हिरासत में लिया है। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार श्याम नगर एनएक्स इलाके में तलवार लहराने की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तीन आरोपियों को पकड़ा। मुख्य आरोपी सूरज तिवारी पेशे से जिम ट्रेनर है। उस पर आरोप है कि उसने तलवार से अभिषेक चौहान और उसके भाई आकाश उर्फ अक्कू पर हमला किया। हमले में आकाश के हाथ में तलवार से गंभीर चोट आई है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी सूरज और उसके साथियों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। टीआई सुशील पटेल ने बताया कि घटना के समय दोनों पक्षों के युवक शराब के नशे में थे। रात में घूरने को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक विवाद में बदल गई। विवाद के बाद सूरज अपने घर से तलवार लेकर आया और अभिषेक के घर में घुसकर हमला कर दिया। पुलिस ने रात में ही जिम ट्रेनर सूरज तिवारी, आकाश उर्फ अक्कू और तरुण को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# रिश्वत मांगने वाली आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा समाप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** केवाईसी अपडेट और समग्र आईडी रिकवर करने के नाम पर हितग्राही से रुपए मांगने वाली आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। इंदौर निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके चलते महिला कर्मचारी की सेवा समाप्त की गई। निगमायुक्त के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 12 में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी पिंकी राठौर को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया गया है। दरअसल, हितग्राही आकांक्षा पाल ने शिकायत की थी कि जोन क्रमांक 12 की आउटसोर्स कर्मचारी पिंकी राठौर समग्र आईडी रिकवर करने और केवाईसी के नाम पर राशि की मांग कर रही थी। शिकायत मिलने पर प्रभारी मनीष शर्मा 'मामा' ने हितग्राही के माध्यम से पिंकी राठौर को निगम मुख्यालय बुलवाया और निगम कार्य के लिए अनधिकृत राशि मांगने पर उसे फटकार लगाई। मामले की जानकारी निगमायुक्त के संज्ञान में आने के बाद आउटसोर्स कर्मचारी पिंकी राठौर को तत्काल प्रभाव से काम से हटाते हुए उसकी सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की गई। महिला कर्मचारी द्वारा हितग्राही से रुपयों की डिमांड करने पर हितग्राही ने इसकी जानकारी एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा को दी थी। जिसके बाद हितग्राही को कार में बैठाकर नगर निगम मुख्यालय गेट पर बुलवाया। जहां पर महिला कर्मचारी भी आई। इस दौरान उनका वीडियो भी बनाया जा रहा था। जैसे ही महिला कर्मचारी ने हितग्राही से पैसे लिए उसके कुछ ही देर में मनीष शर्मा भी वहां पहुंच गए और दोनों को लेकर निगम में बने ऑफिस में पहुंचे और महिला कर्मचारी को जमकर फटकार भी लगाई थी। हालांकि उन्होंने इस मामले में लिखित शिकायत करने की बात भी कही थी, लेकिन मामले निगमायुक्त के संज्ञान में आते ही उन्होंने ये कार्रवाई कर दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक